तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 20 जून 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

16 मोदी के नेतृत्व में देश ने सेवा, सुशासन और गरीब ...



14 गुपचुप दूसरी शादी करने के दो मामलों में आयोग ने...



## खबर संक्षेप

### श्रुति माहेश्वरी, कृष्णा चांडक बने सीए





**साजा।** नगर में माहेश्वरी समाज के दो होनहारों ने अपनी कड़ी मेहनत के बल पर सीए की परीक्षा पास कर सफलता अर्जित किया ओर अपने परिवार समाज सहित साजा नगर को गौरवान्ति किया।
गौरतलब हो कि नगर के प्रतिष्ठित व्यवसाई राजेश राठी की सुपुत्री श्रुति माहेश्वरी तथा सुरेश चांडक के सुपुत्र कृष्णा चांडक ने सीए की परीक्षा में सफलता हासिल कर सीए बने इन दोनों की उपलब्धि पर साजा माहेश्वरी समाज जैन समाज सहित अन्य समाजों के नागरिकों ने हर्ष व्यक्त कर शुभकामनाएं दी है।

### अवैध शराब बेच रही महिला गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध शराब बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रानी तराई पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 63 पौवा देशी प्लेन शराब और 5 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गोदावरी बाई (45 वर्ष) निवासी ग्राम घोरारी, थाना रानी तराई, जिला दुर्ग के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, ग्राम घोरारी के धरशा रोड के पास एक महिला द्वारा अवैध रूप से शराब बेचने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर दबिश दी। महिला के पास से 63 पौवा शोले देशी प्लेन शराब तथा 5 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की गई है।

### 30 फीट गहरे कुएं में मिली लाश, जांच जारी

**भिलाई।** दुर्ग के मोहन नगर थाना क्षेत्र में एक कुएं से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। कंट्रोल रूम से सूचना मिलने के बाद एसडीआरएफ की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। लगभग 30 फीट गहरे पानी से शव को बाहर निकालकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है और पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। मोहन नगर थाना क्षेत्र में स्थित एक कुएं में व्यक्ति के डूबने की सूचना कंट्रोल रूम को मिली थी। सूचना मिलते ही जिला सेनानी नागेन्द्र कुमार सिंह के निर्देश पर एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम घटनास्थल के लिए रवाना हुई। मौके पर पहुंची टीम ने स्थिति का आकलन कर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। एसडीआरएफ के जवानों ने जोखिम भरे अभियान के दौरान करीब 30 फीट गहरे पानी वाले कुएं में उतरकर शव को बाहर निकाला।

# सुरक्षा व कानून व्यवस्था मजबूत करने मॉक ड्रिल और अश्रु गैस का अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से बेमेतरा पुलिस द्वारा व्यापक स्तर पर मॉक ड्रिल (बलवा ड्रिल) एवं अश्रु गैस संचालन की विधि का अभ्यास आयोजित किया गया।

इस दौरान पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को आपातकालीन परिस्थितियों तथा संभावित कानून व्यवस्था संबंधी चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने का प्रशिक्षण दिया गया। पुलिस उप महा निरीक्षक रामकृष्ण साहू की उपस्थिति में आयोजित इस अभ्यास का उद्देश्य किसी भी अप्रत्याशित स्थिति में पुलिस बल की त्वरित, समन्वित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना रहा। पुलिस की कार्यप्रणाली में इसे बलवा ड्रिल कहा जाता है, जिसके माध्यम से भीड़ नियंत्रण, दंगा-नियंत्रण उपायों तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने की रणनीतियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है।

अभ्यास के दौरान पुलिस जवानों को बलवा की स्थिति में अपनाई जाने वाली रणनीतियों, सुरक्षा उपकरणों के उपयोग, भीड़ को नियंत्रित करने के तरीकों तथा अश्रु गैस के सुरक्षित एवं प्रभावी संचालन की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न परिस्थितियों का सृजन कर पुलिस बल की तत्परता और समन्वय क्षमता का परीक्षण भी किया गया।

## चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने का दिया गया प्रशिक्षण



### भीड़ नियंत्रण और दंगा-रोधी उपायों का मिला व्यावहारिक प्रशिक्षण

इस अवसर पर एसडीओपी बेमेतरा भूषण एक्का, रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो, थाना एवं चौकी प्रभारी निरीक्षक सोनल ग्वाला, उप निरीक्षक राजकुमार साहू, डी.एल. सोना, सहायक उप निरीक्षक कंवल सिंह नेताम, जहीर खान, बहादुर सिंह, विष्णु सप्रे, प्रशिक्षु उप निरीक्षक सुरेश चौहान, सुरेन्द्र कुमार, जितेन्द्र कुमार, कल्पना महंत, गीतांजली, ईश्वरी कुमारी डुप्ले सहित रक्षित केंद्र, यातायात शाखा, पुलिस अधीक्षक कार्यालय तथा जिले के विभिन्न थाना-चौकियों के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण एवं मॉक ड्रिल का आयोजन पुलिस बल की कार्यक्षमता को बढ़ाने तथा किसी भी आपात स्थिति में बेहतर प्रतिक्रिया देने के लिए आवश्यक है। अभ्यास के माध्यम से जवानों को वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, जिससे वे चुनौतीपूर्ण हालात में भी प्रभावी ढंग से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकें। पुलिस विभाग के अनुसार यह मॉक ड्रिल अभियान आगामी दिनों में जिले के समस्त पुलिस बल के साथ चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगा, ताकि कानून व्यवस्था की किसी भी स्थिति में पुलिस बल पूरी तैयारी, अनुशासन और समन्वय के साथ कार्य कर सके तथा आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## प्रशासन की निष्क्रियता पर फूटा वनांचल के ग्रामीणों का गुस्सा, सुरक्षा की मांग

# करंजिया-नवागांव क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आंतक, हमले से दर्जनों गाय-बछड़े घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के करंजिया-नवागांव क्षेत्र में आवारा कुत्तों का बढ़ता आतंक ग्रामीणों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गया है। क्षेत्र में कुत्तों के झुंड लगातार मवेशियों पर हमला कर रहे हैं, जिससे पशुपालकों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ भय और असुरक्षा की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार अब तक दर्जनों गायों और बछड़ों पर हमले हो चुके हैं, जिनमें कई गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जबकि कुछ मवेशियों की मौत की भी जानकारी सामने आई है। ग्रामीणों का कहना है कि आवारा कुत्तों के झुंड दिन-रात गांव और खेतों के आसपास सक्रिय रहते हैं। मौका मिलते ही ये मवेशियों को घेरकर उन पर हमला कर देते हैं। लगातार बढ़ रही घटनाओं ने पशुपालकों की चिंता बढ़ा दी है। कई लोगों ने अपने मवेशियों को चराई के लिए खुला छोड़ना भी कम कर दिया है, जिससे उनकी आजीविका पर असर पड़ रहा है। मवेशियों पर हमलों की बढ़ती घटनाओं के बीच अब ग्रामीण अपने परिवारों की सुरक्षा को लेकर भी चिंतित हैं। गांव की गलियों, स्कूल मार्गों और खेतों के आसपास कुत्तों के झुंड घूमते देखे जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इन कुत्तों पर समय रहते नियंत्रण नहीं किया गया तो किसी बच्चे, महिला या बुजुर्ग पर भी हमला हो सकता है।

### अब ग्रामीण अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंतित



### प्रशासन की निष्क्रियता पर नाराजगी

ग्रामीणों का आरोप है कि समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। पशुपालकों का कहना है कि घायल मवेशियों के उपचार और नुकसान की भरपाई के लिए भी कोई प्रभावी व्यवस्था नहीं दिखाई दे रही है। इससे लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ रही है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, पशुपालन विभाग और स्थानीय निकायों से संयुक्त अभियान चलाकर आवारा कुत्तों पर नियंत्रण करने, घायल पशुओं के उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यह केवल पशुधन का नहीं बल्कि पूरे ग्रामीण समाज की सुरक्षा से जुड़ा मामला है, जिस पर प्रशासन को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है।

# पाटेश्वर धाम में कथित तोड़फोड़ के विरोध में श्रद्धालुओं ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखम्हरिया

पाटेश्वर धाम में कथित रूप से मूर्तियों को हटाए जाने एवं परिसर की दीवारों को क्षति पहुंचाने की घटना के विरोध में गुरुवार को श्री राम सेवा सत्संग मानस समिति, मानस संघ ब्लॉक साजा एवं पाटेश्वर परिवार के संयुक्त तत्वावधान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार सरिता मढ़रिया को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि पाटेश्वर धाम लाखों श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास का केंद्र है। धाम परिसर में मूर्तियों को हटाने तथा संरचनाओं को नुकसान पहुंचाने जैसी घटनाओं से श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं गहराई से आहत हुई हैं। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार की कार्रवाई से भक्तों की श्रद्धा, निष्ठा और गुरुदेव के प्रति समर्पण भावना को ठेस पहुंची है, जिससे समाज में व्यापक असंतोष व्याप्त है।

- पाटेश्वर धाम की आस्था पर चोट का आरोप, श्रद्धालुओं ने प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की

श्रद्धालुओं ने शासन-प्रशासन से मांग की कि पाटेश्वर धाम में चल रही विवादित गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा क्षेत्र में शांति, सौहार्द और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म और हिंदू समाज की आस्था से जुड़े धार्मिक स्थलों की गरिमा एवं पवित्रता ▶▶| शेष पेज 15 पर

# अकोली से लापता दो किशोरियां रायपुर बस स्टैंड में सोई मिलीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांदघाट

क्षेत्र के ग्राम अकोली से एक बेहद चौंकाने वाला और आंखें खोल देने वाला मामला सामने आया है, जहां शाम 5 बजे बिना किसी को बताए घर से निकली दो नाबालिग किशोरियां अचानक गायब हो गईं। लड़कियों के लापता होने से परिजनों के होश उड़ गए और वे हलाकान हो गए।

हालांकि, परिजनों की सूझबूझ और पुलिस प्रशासन की त्वरित तकनीकी सहायता से एक बड़ा अनर्थ होने से टल गया और दोनों लड़कियों को सुरक्षित बरामद कर लिया गया है। चौदह पंद्रह वर्ष की दो लड़कियों ने मिलकर इतना साहसी निर्णय कैसे ले लिया यह विचारणीय प्रश्न है। क्या उनको किसी ने बरगलाया था या मोबाइल के माध्यम से वे किसी षड्यंत्र का शिकार होते होते बाल बाल बची हैं। या फिर भावावेष में स्वयं ही यह कदम उठाया था। सघन जांच का विषय है। क्योंकि मानव तस्करी के लपेटे में छत्तीसगढ़ के गांव देहात से लड़कियां छोटे छोटे शहरों महानगरों ही नहीं बल्कि खाड़ी देशों में भी पहुंचा दी गई हैं। परिजनों की सजगता और तकनीकि सहायता ने लड़कियों की सुरक्षित वापसी करादी है। लेकिन इसके साथ अनेक प्रश्न कि बच्चे मोबाइल पर किनसे संपर्क कर क्या कर रहे हैं। क्या अल्प व्यस्क बच्चों को अत्यंत संवेदनशील सूचना संचार माध्यम दिग्भ्रमित कर रहे हैं। सैकड़ों की संख्या में डेटिंग साइट पर अजनबीयों से सीधा संपर्क का बाल मन पर काबू पाकर सकारात्मक नकारात्मक प्रभाव डालना। खासतौर पर वहां जहां परिजन अशिक्षित हों और ये बच्चे ही डिजिटल दुनिया से संपर्क का माध्यम हों। तब तो अत्यंत सतर्कता ही बचाव है।

# धरातल पर दिख रहा सुशासन का संकल्प : दीपेश साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में संचालित "विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के" अभियान के तहत जिला मुख्यालय में आयोजित तीन दिवसीय वृहद पंजीयन शिविर के दूसरे दिन विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

- जिले में विश्वास, विकास, जनकल्याण शिविर

उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं और सुशासन व विकास का संकल्प अब धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। जिला मुख्यालय स्थित टाउन हॉल में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा पात्र हितग्राहियों ने मौके पर ही पंजीयन कराकर योजनाओं का लाभ लिया। शिविर में दस्तावेजों का परीक्षण, आवेदन प्रक्रिया, त्रुटि सुधार तथा विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं के निराकरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पिछले 12 वर्षों में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए देश को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का उद्देश्य केवल घोषणाएं करना नहीं, बल्कि प्रत्येक पात्र नागरिक तक उसका लाभ सुनिश्चित करना है।



### पीएम आवास और आयुष्मान भारत से बदल रहा जीवन: विधायक

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से लाखों परिवारों को पक्का मकान, आयुष्मान भारत योजना से स्वास्थ्य सुरक्षा, उज्ज्वला योजना से स्वच्छ ईंधन तथा जल जीवन मिशन के तहत घर-घर पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। इन योजनाओं ने आम नागरिकों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया है। उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं कार्यकर्ताओं से सेवा भाव के साथ कार्य करने का आह्वान किया। शिविर में नए पंजीयन, दस्तावेजों में त्रुटि सुधार, लंबित प्रकरणों के निराकरण तथा विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं के समाधान की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

इस अवसर पर वरिष्ठ नेता महेश साहू, शहर मंडल अध्यक्ष युगल देवांगन, राजू देवांगन, पार्षद गौरव साहू, महामंत्री संदीप साहू, रोहित साहू, नगर पालिका सीएमओ नरेश वर्मा, तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### ईदगाह की दीवार की पुताई को लेकर विवाद

**भिलाई।** मोहर्रम पर्व की तैयारियों के दौरान ईदगाह परिसर की दीवारों की पुताई और रंग-रोगन को लेकर हुए विवाद में प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी को भिलाई नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान वसीम परवेज उर्फ राजा (41 वर्ष) निवासी सेक्टर-6, भिलाई नगर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, 14 जून को सेक्टर-6 स्थित लाल मैदान में ईदगाह परिसर की दीवारों के रंग-रोगन संबंधी कार्य को लेकर बैठक आयोजित की गई थी। इसी दौरान आपसी विवाद बढ़ गया। आरोप है कि विवाद के बीच आरोपी ने एक व्यक्ति पर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया और घटना के बाद फरार हो गया। मामले की सूचना मिलने पर थाना भिलाई नगर में धारा 109(1), 296 और 351(3) बीएनएस के अंतर्गत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई।

## राज्य महिला आयोग की 400वीं जनसुनवाई में 19 प्रकरणों पर सुनवाई

# मृत शिक्षाकर्मी की पत्नी को मिलेगा सम्मानजनक रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्य सरला कोसरिया ने शुक्रवार को जिला पंचायत सभा कक्ष, बेमेतरा में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों की जनसुनवाई कर पीड़ित महिलाओं की समस्याएं सुनीं। डॉ. नायक की अध्यक्षता में आयोजित यह जनसुनवाई प्रदेश स्तर की 400वीं तथा बेमेतरा जिले की 5वीं सुनवाई रही।

इस दौरान बेमेतरा एवं कबीरधाम (कवर्धा) जिले से जुड़े कुल 19 प्रकरणों पर विस्तृत विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्देश दिए गए। महिला आयोग ने सुनवाई के दौरान महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदन शीलता के साथ सुना तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आयोग ने स्पष्ट किया कि महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और उन्हें समय पर न्याय दिलाना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनसुनवाई के दौरान आयोग ने सभी मामलों में दोनों पक्षों को सुनते हुए निष्पक्षता के साथ निर्णयात्मक सुझाव और आवश्यक निर्देश जारी किए। आयोग ने कहा कि महिलाओं के साथ होने वाले अन्याय, उत्पीड़न और अधिकारों के हनन के मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करना आवश्यक है, ताकि पीड़ित महिलाओं को समय पर राहत मिल सके।

**मृत शिक्षाकर्मी की पत्नी को रोजगार दिलाने की पहल:** सुनवाई के दौरान एक महत्वपूर्ण मामले में मृत शिक्षाकर्मी की पत्नी ने अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए रोजगार सहायता की मांग की। आवेदिका ने बताया कि उनके पति का निधन वर्ष 2015 में हो चुका है और वर्तमान में वह अपने दो बच्चों की परवरिश अकेले कर रही हैं। आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रही महिला की स्थिति को देखते हुए आयोग ने मानवीय आधार पर मामले को गंभीरता से लिया। आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने संबंधित अधिकारियों को आवेदिका को किसी उपयुक्त विभाग में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने की अनुशंसा की। ▶▶| शेष पेज 15 पर



### 12 लाख के बैंक ऋण मामले में विधिक कार्रवाई की सलाह

एक अन्य मामले में महिला स्व-सहायता समूह के नाम पर लिए गए 12 लाख रुपये के बैंक ऋण की अदायगी नहीं होने का प्रकरण आयोग के समक्ष प्रस्तुत हुआ। सुनवाई के दौरान अनावेदक ने ऋण चुकाने की बात स्वीकार की, लेकिन अब तक राशि जमा नहीं किए जाने की जानकारी सामने आई। आयोग को बताया गया कि मामले में एफआईआर दर्ज हो चुकी है तथा अनावेदक अग्रिम जमानत पर है। मामले की गंभीरता को देखते हुए आयोग ने आवेदिका को विधिक सहायता प्राप्त कर न्यायालय में प्रभावी पैरवी करने की सलाह दी, ताकि उसे न्याय मिल सके और बकाया राशि की वसूली सुनिश्चित हो सके।

### प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि के दुरुपयोग पर सख्त रुख

प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े एक मामले में आवेदिका ने आरोप लगाया कि मकान निर्माण के लिए स्वीकृत राशि का दुरुपयोग किया गया है। मामले की सुनवाई के दौरान आयोग ने आवेदिका को कलेक्टर कबीरधाम के समक्ष लिखित शिकायत प्रस्तुत करने की सलाह दी तथा दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया अपनाने के निर्देश दिए। आयोग ने स्पष्ट किया कि यदि योजना की राशि का दुरुपयोग हुआ है तो जिम्मेदार व्यक्तियों से राशि की वसूली कराई जा सकती है। साथ ही आवेदिका को थाना लोहारा में शिकायत दर्ज कराने तथा आवश्यकता पड़ने पर दीवानी न्यायालय की शरण लेने का अधिकार भी बताया गया। जनसुनवाई में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# करियर सेमिनार 21 व 28 जून को विशेषज्ञ देंगे जेईई-नीट पर टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सही दिशा एवं मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से शिक्षा एकेडमी, बेमेतरा द्वारा 21 जून एवं 28 जून 2026 को समाधान महाविद्यालय, बेमेतरा में निःशुल्क कैरियर मार्गदर्शन एवं प्रेरक सेमीनार का आयोजन किया जा रहा है। यह सेमीनार कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं, 12वीं के विद्यार्थियों, ड्रॉपर्स एवं अभिभावकों के लिए विशेष रूप से उपयोगी रहेगा।





आयोजकों के अनुसार सेमीनार में विद्यार्थियों को आईआईटी-जेईई एवं नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवश्यक रणनीति, अध्ययन पद्धति, समय प्रबंधन, करियर विकल्प तथा सफलता के सूत्रों की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। सेमीनार में आईआईटी गुवाहाटी के पूर्व छात्र एवं आईसीआईसीआई बैंक, मुंबई के पूर्व चीफ मैनेजर रुपेश वर्मा तथा एनआईटीयन एवं भारतीय सेना अधिकारी लेफ्टिनेंट राहुल वर्मा मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे। वर्ष 2011 की इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में 99.9 परसेंटाइल प्राप्त करने वाले रुपेश वर्मा पिछले 11 वर्षों से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। कोविड-19 काल में उन्होंने हजारों विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की तथा अपने शैक्षणिक यूट्यूब चैनल पर ▶▶| शेष पेज 15 पर

## खबर संक्षेप



### ट्विनसिटी का तापमान 39 डिग्री शाम को अच्छी बारिश से मिली राहत

**भिलाई।** ट्विनसिटी का तापमान गुरुवार को 39.4 डिग्री सेल्सियस रहा। जिसकी वजह से पूरे दिन उमसभरी गर्मी लोगों ने झेली। शाम को हालात बदल गए। करीब 7.30 बजे आसमान पर अचानक काले बादल छाने लगे। रूक-रूक कर गर्जना भी होने लगी। उसके बाद हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। यह बारिश हालांकि हल्की थी लेकिन मौसम के इस बदलाव से लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली है। जिस तरह से ऐसी बारिश हो रही है वह प्री मानसून का नहीं है। इसलिए प्री मानसून बारिश का इंतजार अब भी लोगों को है।

### शादी से पहले घर में चोरी, लाखों रुपए के जेवर और नकदी पार

**भिलाई।** नंदिनी थाना क्षेत्र के ग्राम गोढ़ी में शादी की तैयारियों के बीच एक परिवार चोरी का शिकार हो गया। अज्ञात चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाते हुए नकदी और सोने-चांदी के जेवर समेत करीब 1.10 लाख रुपये का सामान पार कर दिया। नंदिनी थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 305(ए) और 331(3) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर संदिग्धों की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस के अनुसार, ग्राम गोढ़ी निवासी कल्याण विश्वकर्मा ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह ठेले पर गुपचुप बेचकर परिवार का पालन-पोषण करता है और पिछले नौ माह से किराये के मकान में रह रहा है। उसके पुत्र अजय विश्वकर्मा की शादी 10 जुलाई को तय है, जिसके लिए कपड़े, सोने-चांदी के जेवर और 82 हजार रुपए नकद खरीदारी के लिए घर में रखे गए थे। कल्याण विश्वकर्मा 13 जून को पत्नी और बेटे के साथ अपने मूल गांव मोरिद गया था। 14 जून को वह कुछ समय के लिए वापस गोढ़ी आया और रात में फिर गांव लौट गया। 16 जून की शाम जब परिवार वापस घर पहुंचा तो कमरे का सामान बिखरा मिला। अटैची और बैग खुले पड़े थे तथा उनमें रखे सोने का मंगलसूत्र, अंगूठी, चांदी की पैर पट्टी, बिछिया और 82 हजार रुपये नकद गायब थे। प्रार्थी के अनुसार, चोर मकान के पीछे से घुसा और दरवाजे की सिटकनी खोलकर कमरे में रखे सामान पर हाथ साफ कर गया। बहरहाल मामले में जांच जारी है।

### बालोद जिला किसान मोर्चा के जिला सह प्रभारी बने मुकेश

**अंडा।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ द्वारा जारी नवीन सूची में बालोद जिले के लिए मुकेश बेलचंदन को जिला सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। दिल्लीवार कूर्मि क्षत्रिय समाज नगर इकाई दुर्ग के अध्यक्ष राकेश हरमुख एवं अन्य पदाधिकारी गण अतुल देशमुख, राकेश देशमुख, भुनेश्वर देशमुख खिलेश्वर देशमुख,महिला अध्यक्ष केवरा देशमुख, सुनीता देशमुख आदि ने बधाई दी है।

### करोड़ों की भूमि पर अतिक्रमण का आरोप

**धमधा।** धमधा ब्लॉक के ग्राम धरमपुरा में शासकीय भूमि पर कथित अतिक्रमण का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव की मुख्य सड़क से लगी करोड़ों रुपये मूल्य की शासकीय भूमि पर शत्रुघ्न यादव द्वारा कब्जा किया गया है। आरोप यह भी है कि पुलिस विभाग में पदस्थ सुरेश यादव की धौंस दिखाकर अतिक्रमण को संरक्षण दिया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार जब भी किसी ने इस मामले का विरोध किया या शिकायत करने की बात कही, तो उन्हें पुलिसिया रौब दिखाकर डराने और झूठे मामलों में फंसाने की धमकी दी गई। इससे गांव में भय का माहौल बना हुआ है और लोग खुलकर सामने आने से कतरा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक पूरे मामले की शिकायत धमधा अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) से की गई है। अब सभी की नजर प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हुई है।

# मोदी के नेतृत्व में देश ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के क्षेत्र में की प्रगति : विधायक दीपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी जिला बेमेतरा द्वारा गांधी भवन बेसिक मैदान में "सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण" विषय पर आधारित विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

प्रदर्शनी का शुभारंभ राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त सेवानिवृत्त आदर्श शिक्षक डॉ. गोकुल बंजारे "चंदन" एवं विधायक दीपेश साहू सहित अतिथियों ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू, डॉ. गोकुल बंजारे तथा भाजपा पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में केंद्र सरकार द्वारा पिछले 12 वर्षों में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और उपलब्धियों को चित्रों एवं जानकारी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। सरकार की योजनाओं का केंद्र गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्ग रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जनधन योजना, आधार और मोबाइल के माध्यम से पारदर्शी व्यवस्था स्थापित हुई है,जिससे योजनाओं का लाभ सीधे हितग्राहियों तक पहुंच रहा है। महिला सशक्तिकरण पर विधायक ने कहा कि लखपति दीदी अभियान जैसी योजनाएं ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वहीं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और ई-नाम जैसी पहल किसानों को आर्थिक सहायता और बेहतर बाजार उपलब्ध करा रही हैं।

## भाजपा की प्रदर्शनी में दिखीं केंद्र सरकार की उपलब्धियां

### क्षेत्र में हुआ तेजी से विकास



उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और हर घर जल योजना के माध्यम से करोड़ों परिवार लाभान्वित हुए हैं। विधायक साहू ने कहा कि देश में सड़क, रेल और अधोसंरचना के क्षेत्र में तेजी से विकास हुआ है। वंदे भारत ट्रेन, चिनाब रेलवे ब्रिज तथा अन्य बड़े प्रोजेक्ट नए भारत की पहचान बन रहे हैं। डिजिटल इंडिया, यूपीआई, सस्ती इंटरनेट सेवाओं और सेमी कंडक्टर मिशन के माध्यम से भारत तकनीकी क्षेत्र में आत्म निर्भरता की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी करण,राष्ट्रीय सुरक्षा की मजबूती तथा धार्मिक-सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण को भी केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धियां बताया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू, रजक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विजय वर्मा, महेश साहू, प्रनीश रजक, मोंटी साहू, धर्मेंद्र साहू, युगल देवांगन, राजू देवांगन, डॉ. विनय साहू, संदीप साहू, गौरव साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कार्रवाई : स्कूलों में कलेक्टर का औचक निरीक्षण, शिक्षा व्यवस्था सुधारने के निर्देश

# खण्डसरा हाई स्कूल के प्राचार्य-शिक्षकों को शो-कॉज नोटिस, दाढ़ी नपं का अनुपस्थित कर्मी भी नपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिले में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने और विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने शुक्रवार को खण्डसरा स्थित प्राथमिक विद्यालय एवं हाई स्कूल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालयों में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, विद्यार्थियों की उपस्थिति, शिक्षकों की कार्यप्रणाली तथा प्रशासनिक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

कलेक्टर ने शिक्षकों को विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को गंभीरता से निभाने की हिदायत देते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना सभी शिक्षकों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिए कि बच्चों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें सरल, प्रभावी और रुचिकर तरीके से पढ़ाया जाए, ताकि उनकी सीखने की क्षमता में निरंतर वृद्धि हो सके। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने शिक्षकों की पस्थिति पंजी तथा अवकाश आवेदन प्रक्रिया की भी जांच की। उन्होंने सभी शिक्षकों को समय पर विद्यालय पहुंचने और शासन द्वारा निर्धारित एप के माध्यम से नियमित रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यालयी अनुशासन और शिक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की चेतावनी दी। कलेक्टर ने कमजोर विद्यार्थियों की पहचान कर उनके लिए अतिरिक्त कक्षाएं संचालित करने, नियमित मूल्यांकन करने तथा बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी निर्धारित ब्लू-प्रिंट के अनुसार कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए प्रत्येक छात्र तक व्यक्तिगत रूप से पहुंचना आवश्यक है।

### अनुपस्थित कर्मचारी को नोटिस

कलेक्टर ने शुक्रवार नगर पंचायत दाढ़ी एवं उप तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने लंबित राजस्व प्रकरणों के समयबद्ध एवं पारदर्शी निराकरण, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव तथा जनहित के मामलों में लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत दाढ़ी में एक कर्मचारी बिना अनुमति अनुपस्थित पाया गया, जिस पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के तहत कारण बताओ नोटिस जारी कर 24 घंटे में जवाब मांगा गया है। कलेक्टर ने स्वच्छता, कचरा प्रबंधन तथा नागरिकों की शिकायतों के त्वरित निपटारे की भी समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### हाई स्कूल में छात्रों की अनुपस्थिति पर नाराजगी

निरीक्षण के दौरान हाई स्कूल खण्डसरा में कक्षा 9वीं से 12वीं तक बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की अनुपस्थिति पाए जाने पर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने इसे गंभीर विषय बताते हुए विद्यालय प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए और कहा कि विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना विद्यालय प्रशासन की जिम्मेदारी है। कलेक्टर ने संबंधित प्राचार्य एवं शिक्षकों की जवाबदेही तय करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही शिक्षा विभाग के अधिकारियों को विद्यार्थियों की कम उपस्थिति के कारणों की विस्तृत जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। कलेक्टर ने कहा कि केवल विद्यालय स्तर पर प्रयास पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि विद्यार्थियों के अभिभावकों से नियमित संपर्क स्थापित करना भी आवश्यक है। उन्होंने शिक्षकों को गृह भ्रमण कर पालकों से चर्चा करने तथा बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए।

# नवनियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी का फेडरेशन ने किया आत्मीय स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला इकाई बेमेतरा द्वारा नवनियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) के बेमेतरा आगमन पर उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। फेडरेशन के जिला अध्यक्ष पोखन साहू के नेतृत्व में पदाधिकारियों एवं शिक्षक प्रतिनिधियों ने जिला शिक्षा अधिकारी से उनके कार्यालय में सौजन्य मुलाकात कर पुष्पगुच्छ भेंट किया तथा नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर फेडरेशन प्रतिनिधियों और जिला शिक्षा अधिकारी के बीच जिले की शिक्षा व्यवस्था, विद्यालयों के प्रभावी संचालन तथा सहायक एवं समग्र शिक्षकों से जुड़े विभिन्न समसामयिक और स्थानीय विषयों पर सार्थक एवं सकारात्मक चर्चा हुई। फेडरेशन पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि नए जिला शिक्षा अधिकारी के कुशल नेतृत्व, प्रशासनिक अनुभव एवं दूरदर्शी सोच से जिले में शिक्षा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा और शैक्षणिक वातावरण को नई दिशा मिलेगी।

फेडरेशन ने आश्वस्त किया कि वह जिले में शैक्षणिक गुणवत्ता संवर्धन, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में प्रशासन को निरंतर सहयोग प्रदान करता रहेगा पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षक समाज शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

मुलाकात के दौरान प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष बसंत कौशिक, प्रांतीय मीडिया प्रभारी अशोक कुमार धुर्वे, जिला अध्यक्ष पोखन साहू, जिला उपाध्यक्ष चंद्रशेखर पटेल, जिला सचिव गेंदराम वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी राजा वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष बेरला गंगाधर दुबे, योगेंद्र साहू, चित्रेश वर्मा, लोकेश साहू, जिला सलाहकार अजीत वर्मा, किशन ठाकुर, जय बहादुर राजपूत, रामअवतार यदु, हेमप्रसाद चतुर्वेदी, ओमनारायण साहू सहित फेडरेशन के अनेक पदाधिकारी एवं शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सिख समाज के अध्यक्ष राजा छाबड़ा ने श्री हेमकुंड साहिब में टेका मत्था



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ सिख समाज जिला बेमेतरा के जिला अध्यक्ष हरदीप सिंह राजा छाबड़ा ने पवित्र तीर्थ श्री हेमकुंड साहिब जी में श्रद्धापूर्वक मत्था टेककर छत्तीसगढ़ प्रदेश, बेमेतरा जिले, देश की उन्नति, विश्व शांति एवं समस्त मानवता के कल्याण के लिए अरदास की।

इस आध्यात्मिक यात्रा में उनके साथ पूर्व जत्थेदार यश सलूजा, विशाल आहूजा, कमलेश आहूजा, करण भाटिया एवं सुमीत होरा भी शामिल रहे। करीब 15 हजार फीट की ऊंचाई पर हिमालय की सात बर्फीली चोटियों के बीच स्थित श्री हेमकुंड साहिब सिख धर्म के सबसे पवित्र तीर्थस्थलों में से एक माना जाता है। यहां पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को लगभग 22 किलोमीटर की कठिन पर्वतीय पैदल यात्रा करनी पड़ती है। हरदीप सिंह राजा छाबड़ा ने भी संगत के साथ यह यात्रा पूरी कर गुरु घर में शीश नवाया और गुरु साहिब का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि सिख परंपरा के अनुसार दसवें पातशाह श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने अपनी आत्मकथा बचित्तर नाटक में हेमकुंड पर्वत पर तपस्या करने का उल्लेख किया है, जिसके कारण यह स्थान विश्वभर की संगत के लिए विशेष आस्था का केंद्र बना हुआ है।

# भिलाई की युवती की राजनांदगांव रिसॉर्ट में संदिग्ध मौत, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- बाथरूम में बेहोश मिली युवती, अस्पताल पहुंचते ही हुई मौत
- साथ आए लोग रात में ही हुए फरार, जांच में जुटी पुलिस

राजनांदगांव जिले के मनगट्टा स्थित विसली वुड रिसॉर्ट में एक 24 वर्षीय युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से सनसनी फैल गई है। घटना के बाद रिसॉर्ट और आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि भिलाई की दो लड़कियां और तीन युवक सहित रायपुर के भी कुछ युवक रिसॉर्ट ठहरे हुए थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान भिलाई 3 नगर निगम के पास रहने वाली मुस्कान तिवारी (24) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मुस्कान अपने कुछ साथियों के साथ रिसॉर्ट में ठहरी हुई थी। देर रात वह बाथरूम गई थी, जहां वह बेहोशी की हालत में मिली। सुबह करीब 5 बजे घटना की जानकारी रिसॉर्ट संचालक को मिली। इसके बाद युवती को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं युवती के साथ रिसॉर्ट में ठहरे अन्य लोग सुबह होने से पहले ही वहां से चले गए। पुलिस अब उन लोगों की तलाश कर रही है और उनसे पूछताछ के बाद ही घटना के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी सामने आने की संभावना है। पुलिस का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच जारी है।

# शाला प्रवेश उत्सव में नवप्रवेशी बच्चों का किया आत्मीय स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़



- मिठाई खिलाकर बांटी गईं पुस्तकें व गणवेश

शासकीय प्राथमिक शाला नगपुरा, संकुल छिरहा में नए शैक्षणिक सत्र के अवसर पर गुरुवार को शाला प्रवेश उत्सव उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। नवप्रवेशी विद्यार्थियों का गुलाल तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें एवं गणवेश भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच सीता बाई ध्रुव, विशिष्ट अतिथि ग्राम पटेल राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता तथा शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष उमेंद कुमार आहिरे ने बच्चों का स्वागत करते हुए नियमित रूप से विद्यालय आने और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।

सरपंच सीता बाई ध्रुव ने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें और प्रतिदिन कम से कम एक घंटे घर पर पढ़ाई के लिए समय दें। प्रधानपाठक लोकेन्द्र गुप्ता ने शासन की विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सरकारी विद्यालयों में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। शाला प्रवेश उत्सव को यादगार बनाने के लिए मध्यान्ह भोजन के साथ बच्चों को समोसा और गुलाब जामुन भी परोसा गया, जिससे विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में संकुल समन्वयक आरपी साहू, सनत कुमार गुप्ता, सुमन यादव, सुखदाता ध्रुव, विवेक कुर्रे, सुकारिता यादव, धनेश्वरी, सहायक शिक्षक ज्योति गुबर, श्रीराम साहू, छात्रपाल रात्रे सहित विद्यालय स्टाफ, पालक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## अस्पताल और वृद्धाश्रम में निस्वार्थ भाव से किया फल वितरण

# महेश नवमी महोत्सव पर माहेश्वरी समाज ने झाल धाम में की गौ-सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा





महेश नवमी महोत्सव 2026 के पावन अवसर पर माहेश्वरी समाज बेमेतरा द्वारा आयोजित /"महेश सप्ताह/" के अंतर्गत सेवा, संस्कार और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया जा रहा है।

माहेश्वरी सभा, माहेश्वरी महिला संगठन एवं माहेश्वरी युवा संगठन के संयुक्त तत्वावधान में सप्ताह भर विभिन्न सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में दूसरे एवं तीसरे दिवस समाजजनों ने गौ-सेवा और मानव-सेवा के माध्यम से समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया। महेश सप्ताह के दूसरे दिन माहेश्वरी समाज के सदस्यों ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर मानव सेवा संस्थान करपात्री जी धाम, झाल में वृहद गौ-सेवा अभियान चलाया। समाजजन स्थानीय माहेश्वरी भवन से बसों एवं निजी वाहनों के काफिले के साथ धाम पहुंचे, जहां सर्वप्रथम परम पूज्य श्री करपात्री जी महाराज की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम में जिला सभा अध्यक्ष देवरतन तापड़िया, सभा अध्यक्ष कैलाश काबरा, युवा संगठन अध्यक्ष हर्ष माहेश्वरी तथा महिला संगठन अध्यक्ष रेनू राठी के नेतृत्व में समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं, युवा एवं बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने गौ-सेवा को भारतीय संस्कृति और मानवीय मूल्यों से जुड़ा महत्वपूर्ण कार्य बताते हुए समाज में सेवा भाव को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

**मानवता को समर्पित रहा तीसरा दिन:** महेश सप्ताह का तीसरा दिन पूर्ण रूप से मानव सेवा को समर्पित रहा। समाज के पदाधिकारी, मातृशक्ति एवं युवा सदस्य स्थानीय अस्पताल और वृद्धाश्रम पहुंचे, जहां भर्ती मरीजों एवं बुजुर्गों को फल वितरित कर उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखद जीवन की कामना की गई। सेवा कार्य के दौरान समाजजनों ने मरीजों और वृद्धजनों से आत्मीय संवाद भी किया तथा उन्हें हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर माहेश्वरी समाज ने यह संदेश दिया कि सामाजिक सेवा केवल आयोजनों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसे जीवन का स्थायी संस्कार बनाया जाना चाहिए।

### नो फोटोग्राफी' बनी कार्यक्रम की विशेष पहचान

फल वितरण कार्यक्रम की सबसे उल्लेखनीय और सराहनीय विशेषता यह रही कि पूरे आयोजन के दौरान किसी प्रकार की फोटोग्राफी या वीडियोग्राफी नहीं की गई। समाज के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस सेवा अभियान का उद्देश्य प्रचार-प्रसार नहीं, बल्कि निस्वार्थ भाव से मानवता की सेवा करना था। कार्यक्रम पूरी सादगी, संवेदनशीलता और आत्मीयता के साथ संपन्न हुआ।माहेश्वरी समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है और गौ-सेवा से बढ़कर कोई पुण्य नहीं। समाज का प्रत्येक सदस्य सेवा, संस्कार, सामाजिक समरसता और एकता के मूल्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। भविष्य में भी इसी प्रकार के जनकल्याणकारी एवं समाजोपयोगी कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।